संख्या–501/ पांच–5–2020

प्रेषक,

वी0हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,
उत्तर प्रदेश।

निदेशक,
संचारी रोग,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5 लखनऊ:दिनांक: 03 मार्च, 2020

विषय: प्रदेश में कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम हेतु निगरानी के लिये कन्ट्रोल रूम की स्थापना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई देशों में कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा Public Health Emergency की घोषणा की गयी है। जिसके दृष्टिगत यह आवश्यक है कि प्रदेश में कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम हेतु निगरानी के लिये राज्य स्तर पर 24x7 क्रियाशील कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाय जिसके अन्तर्गत कम से कम 05 सदस्यों की निम्नलिखित टीमें कार्य करेगीं :–

1. Call Centre Management Team
2- HR Management Team
3- Surveillance Team
4- Training & Documentation Team
5- Infrastructure (Isolation wards and facilities) Management Team
6- Material Management Team
7- IEC/BBC & Media Management Team
8- Private Hospital Surveillance Team
9- Transportation Coordination Team
10- Inter Departmental Coordination Team
11- Psychological Support Team

2– अतः अनुरोध है कि कृपया कन्ट्रोल रूम की स्थापना कर उसके अन्तर्गत उक्त टीमों का गठन करें तथा उनके कार्य एवं दायित्व, टीम के सभी सदस्यों के नाम, उनके मोबाइल नम्बर व ईमेल शासन को आज सायंकाल तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि राज्य स्तर पर गठित कन्ट्रोल रूम की भॉति जनपद स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम व टीम का गठन करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वी0हेकाली झिमोमी)
सचिव